**ग्रामीण कृषि मौसम सेवा**

भारत मौसम विज्ञान विभाग

गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

# मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

**दिनांक : 16-04-2021**

**नैनीताल(उत्तराखंड ) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-04-16 ( अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)**

| मौसम कारक | 2021-04-17 | 2021-04-18 | 2021-04-19 | 2021-04-20 | 2021-04-21 |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्षा (मिमी) | 0.0 | 8.0 | 0.0 | 0.0 | 0.0 |
| अधिकतम तापमान(से.) | 26.0 | 22.0 | 23.0 | 24.0 | 25.0 |
| न्यूनतम तापमान(से.) | 13.0 | 10.0 | 10.0 | 11.0 | 12.0 |
| अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 45 | 45 | 40 | 45 | 55 |
| न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 25 | 25 | 20 | 20 | 25 |
| हवा की गति (किमी प्रति घंटा) | 10.0 | 10.0 | 6.0 | 6.0 | 10.0 |
| पवन दिशा (डिग्री) | 60 | 120 | 340 | 340 | 320 |
| क्लाउड कवर (ओक्टा) | 4 | 6 | 1 | 0 | 6 |

## मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में आमतौर पर मौसम साफ रहेगा, लेकिन 17 अप्रैल को कहीं-कहीं हल्की वर्षा हो सकती है। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 22.0 से 26.0 व 10.0 से 13.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0-10.0 किमी/घंटे की गति से पूर्व-उत्तर-पूर्व व उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। ईआरएफएस के अनुसार 21 से 27 अप्रैल के दौरान राज्य में वर्षा के सामान्य से अधिक तथा अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान सामान्य से कम रहने का अनुमान हैं।

## सामान्य सलाहकार:

कोविड-19 के गंभीर फैलाव को देखते हुए किसानों को सलाह है कि तैयार फसलों की कटाई तथा अन्य कृषि कार्यो के दौरान भारत सरकार द्वारा दिये गये दिशा निर्देशो जैसे व्यक्तिगत सुरक्षा, मास्क का उपयोग, साबुन से उचित अन्तराल पर हाथ धोना तथा एक दूसरे से सामाजिक दूरी बनाये रखने पर विशेष ध्यान दें| भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई व एसपीआई मानचित्रों ने संकेत दिया कि नैनीताल जिले के लिए एनडीवीआई 0.2-0.4 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम है तथा एसपीआई मानचित्र पिछले 4 हफ्तों से नैनीताल जिले में अत्यधिक सूखे की स्थिति दर्शाता है।

## लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में आमतौर पर मौसम साफ रहेगा, लेकिन 17 अप्रैल को कहीं-कहीं हल्की वर्षा हो सकती है। 17 अप्रैल को कहीं-कहींओला/बिजली गिरने की भी सम्भावना है।

## फ़सल विशिष्ट सलाह:

| फ़सल | फ़सल विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| स्वीट कॉर्न | स्वीट कॉर्न की फसल में भुटटों की तुड़ाई समय पर करें क्योंकि देर से तुड़ाई करने पर बाजार भाव कम मिलता है। |
| मक्का | मध्य फरवरी में बोई गई बसंत कालीन मक्का की फसल में इस समय सिंचाई की आवश्यकता है तथा मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर ही सिंचाई करें। |
| फोडर सर्ग | अप्रैल माह में पशुओं हेतु हरे चारे की कमी के समाधान व भरपूर उत्पादन हेतु ज्वार की बुवाई अप्रैल के दूसरे सप्ताह तक पूरा कर लें। |

## बागवानी विशिष्ट सलाह:

| बागवानी | बागवानी विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| सब्जी मिर्च | मिर्च की फसल मे अगेती रोपी गई फसल मे सिकुड़े हुए चित्तकबरे पत्ते दिखाई देने पर ग्रसित पौधो को निकालकर नष्ट करे। |
| सेम की फली | सिंचित घाटी क्षेत्रो में सब्जी फ्रासबीन किस्म अर्का कोमल या कन्टेण्डर की बुवाई करे। |

## पशुपालन विशिष्ट सलाह:

| पशुपालन | पशुपालन विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| भेंस | इस गर्मी के दिनों में पशुओं के लिए पानी की उचित व्यवस्था करें। पीने के पात्र को साफ रखना चाहिए और दिन के समय पशुओ को कम से कम चार बार पानी जरूय पिलाये। |